दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 09.03.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर 09.03.2026। दिग्विजयनाथ पी.जी कॉलेज गोरखपुर के बीसीए विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में आज "कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रभावी संवाद कौशल, आत्मविश्वास तथा व्यक्तित्व विकास के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर एवं गिनीज बुक रिकॉर्ड स्पीकर ई. पियूष पाण्डेय उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता ई. पियूष पाण्डेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल ही व्यक्ति को भीड़ से अलग पहचान दिलाती है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति के विचार स्पष्ट होते हैं और जो उन्हें आत्मविश्वास के साथ व्यक्त कर सकता है, वही जीवन में नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचारों को सकारात्मक ढंग से प्रस्तुत करने, भाषा पर पकड़ बनाने तथा निरंतर अभ्यास के माध्यम से संवाद कौशल को विकसित करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने आगे कहा कि कम्युनिकेशन स्किल केवल बोलने की कला नहीं है, बल्कि यह सुनने, समझने और परिस्थितियों के अनुसार प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए पढ़ने की आदत विकसित करें, मंच पर बोलने का अभ्यास करें और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाएं। उनके प्रेरक विचारों से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बालाजी एकेडमी गोरखपुर के एकेडमिक हेड अविनाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसी भी करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए ज्ञान के साथ–साथ व्यक्तित्व और संवाद शैली का प्रभावी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन और कॉर्पोरेट वातावरण में वही विद्यार्थी सफल होते हैं जिनकी प्रस्तुति स्पष्ट, आत्मविश्वासी और प्रभावी होती है।

अविनाश श्रीवास्तव ने आगे कहा कि विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, शारीरिक भाषा (बॉडी लैंग्वेज) और विनम्र व्यवहार व्यक्ति के व्यक्तित्व को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए निरंतर सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ पवन कुमार पाण्डेय, संयोजक प्लेसमेंट सेल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुदित दुबे ने किया तथा आभार ज्ञापन बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ अनुराधा सिंह द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर बीसीए विभाग के शिक्षक कौशल प्रताप सिंह, गौरव पाण्डेय एवं बालाजी एकेडमी के सदस्य कृष्ण मुरारी सहित बीसीए के 115 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को संवाद कौशल और व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क